(ग) क्या फैक्ट्री के अधिकारियों ने मृतकों के परिवारों को कोई सहायता दी है,

(घ) क्या सरकार ने मृतकों के परिवारों के सदस्यों को कारखाने मे रोजगार देने की योजना बनाई है, और

(ङ) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी तथ्य क्या हैं?

रक्षा मंत्रालय (रक्षा उत्पादन) में राज्य मंत्री (श्री विठ्ठल गाडगिल) (क) आर्डनेंस फैक्ट्री खमरिया म 6 जुलाई 1976 को एक विस्फोट हुआ जिसमे आठ कर्मचारी मर गए और तीन जख्मी हो गए।

(ख) इस बारे मे एक जाच की गई है और उसके निष्कर्षों का अध्ययन किया जा रहा है,

(ग) मृत कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों को निम्नांकित सहायता दी गई है —

आर्डनेंस फैक्ट्री खमरिया के 6 कर्मचारी

(1) हरेक को 10 000 ० कर्मकार-मुआवजा अधिनियम के अधीन देय मुआवजे के आंशिक भुगतान के रूप म।

(2) हरेक परिवार को सरकार से अनुग्रहपूर्वक अदायगी के रूप म 2000 पए।

(3) विभिन्न सगठनो और निधियों से दान के रूप मे हरेक परिवार को 4502 पए।

आर्डनेंस फैक्ट्री खमरिया का एक सुपरवाइजर

(1) सरकार से अनुग्रहपूर्वक अदायगी के रूप म 2 000 रुपए।

(2) विभिन्न सगठनो और निधियो से दान के रूप म 4252 रुपए।

(3) मुआवजे की अदायगी की स्वीकृति के लिए कार्रवाई की जा रही है।

आर्मामेंट निरीक्षणालय, खमरिया का एक कर्मचारी

(1) सरकार से अनुग्रहपूर्वक अदायगी के रूप मे 2000 रुपये।

(2) मुआवजे के रूप म मजूर किए गए 21000 रुपए।

(घ) और (ङ) मृत कर्मचारियो की विधवाओं/नजदीकी रिश्तेदारों को नियुक्ति के लिए आदेश पहले ही जारी कर दिए गए है। अन्य दो शोकसन्तप्त परिवारो के बारे मे इसी प्रकार की रोजगार सहायता की व्यवस्था करने के लिए प्रयत्न किए जा रहे है।

सेंसर बोर्ड द्वारा फिल्मों पर प्रतिबन्ध

1423 **डा० लक्ष्मी नारायण पांडेय** : क्या **सूचना और प्रसारण** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सेंसर बोर्ड ने सेंसर नियमों के विरुद्ध अश्लील दृश्यों वाली कतिपय फिल्मों के प्रदर्शन पर रोक लगा दी है, और

(ख) यदि हा तो इन कारणों तथा अन्य कारणों से 1975 और 1976 म अब तक किन-किन फिल्मों पर प्रतिबन्ध लगाया गया है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री धर्मवीर सिंह) (क) और (ख) जी हा। इन फिल्मो की एक सूची सलग्न सभा पटल पर रख दी गयी है **[ग्रंथालय में रखी गयी। देखिये** संख्या एल/टी 112/4/76] जिन पर अश्लीलता सहित सेंसर सम्बन्धी मार्गदर्शी सिद्धान्तों के उल्लंघन के कारण रोक लगाई गई।